जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-31 | जयपुर, सोमवार, 19 अगस्त, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड : सीबीआई को पूछताछ में मिले अहम सुराग

● हत्या के पीछे सेक्स, ड्रग रैकेट और अंगों की तस्करी का शक

**कोलकाता (हमारा वतन)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में चौंकाने वाली जानकारी सामने आयी है।

सीबीआई की अब तक की जांच और मृत ट्रेनी डॉक्टर के सहपाठियों के बयानों से पता चला है कि सेक्स, ड्रग रैकेट और मानव अंगों के अवैध कारोबार से पर्दा उठाने की कोशिशों को रोकने के लिए संभवतः ट्रेनी डॉक्टर को रास्ते से हटाया गया। हालांकि सीबीआई अब तक इन कड़ियों को एक-दूसरे से नहीं जोड़ सकी है। लेकिन, टीम का दावा है कि जल्द ही कई सफेदपोश चेहरे सामने आएंगे। सीबीआई सूत्रों के अनुसार दुष्कर्म इसलिए किया गया, ताकि यह आम घटना लगे। ऐसा लगे कि दुष्कर्म के बाद पहचाने जाने के डर से हत्या कर दी गई। पुलिस शुरुआती जांच में उसी तरह आगे बढ़ी, जिस तरह अपराधी चाहते थे। यही वजह है कि लोगों में पुलिस के प्रति भारी नाराजगी है।




एक सियासी दल के वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि उनके पास अस्पताल के डॉक्टरों के एक वॉट्सएप ग्रुप में बातचीत के स्क्रीनशॉट हैं, जिससे अस्पताल में सेक्स और ड्रग रैकेट का पता चलता है। इस मामले में एक अन्य पार्टी के वरिष्ठ नेता और उनके भतीजे का जिक्र है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, अब तक पूछताछ में मेडिकल कॉलेज के चार लोगों के नाम सामने आए हैं। इनमें तीन डॉक्टर हैं और एक हाउस स्टाफ। दावा किया गया है कि ये चारों एक सियासी दल से जुड़े हैं और अस्पताल में सेक्स व ड्रग रैकेट चलाते थे। सीबीआई अधिकारी बताते हैं कि पुख्ता सबूत जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही इनसे पूछताछ करेंगे।

मेडिकल के छात्रों ने आरोप लगाया कि पोस्टमार्टम के लिए आने वाले लावारिस शवों को प्रैक्टिकल के लिए रखा जाता था। उनके शरीर से अंग भी निकाल लिए जाते थे। फिलहाल सीबीआई ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपायों के सुझाव देने के वास्ते समिति बनाने का ऐलान किया है। राज्य सरकार के भी सुझावों को आमंत्रित किया जाएगा।

## संपादक राम गोपाल सैनी को मिला इंडियन स्टार अवॉर्ड



**जयपुर (हमारा वतन)।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर द ग्रीन भारत टाइम्स वर्ल्डवाइड मैगजीन द्वारा हमारा वतन समाचार पत्र के संपादक राम गोपाल सैनी को इंडियन स्टार अवॉर्ड प्रदान किया गया । डायरेक्टर डॉक्टर नीरज गुप्ता ने बताया कि भारत देश के राजस्थान राज्य के जयपुर,चौमूं निवासी राम गोपाल सैनी को यह अवार्ड पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदान किया गया है । सैनी को अवार्ड मिलने पर पत्रकार बंधुओं और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है ।

## खादी और हस्तकला की ब्रांड एंबेसडर बनी लोक गायिका मैथिली ठाकुर

**पटना (हमारा वतन)।** हाल ही में संगीत नाटक अकादमी के प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिलाह खान युवा पुरस्कार के लिए चुनी गई 22 वर्षीय मैथिली ठाकुर को उद्योग विभाग द्वारा खादी और हस्तकला का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है । बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बिहार सरकार के उद्योग विभाग के अंतर्गत आता है । लोक संगीत में अपने योगदान के लिए जानी जाने वाली बिहार की गायिका मैथिली ठाकुर को राज्य की खादी और हस्तकला का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है । बिहार में मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में जन्मी मैथनी को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के अलावा मैथिली लोक संगीत में उनके पिता और दादा द्वारा प्रशिक्षित किया गया है । उन्होंने विशेष रूप से मैथिली, भोजपुरी और हिंदी में लोकगीतों के गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है ।



## मां तुझे सलाम देशभक्ति संगीत संध्या में उमड़ा जन सैलाब

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में मां तुझे सलाम देशभक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया । आस्थिका एंटरटेनमेंट एवं संगम सामाजिक विकास संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मां तुझे सलाम देश भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें शहर के जाने-माने गायक कलाकारों द्वारा जब देशभक्ति से ओत प्रोत गाने प्रस्तुत किए गए तो सभी श्रोता झूम उठे । आस्थिका एंटरटेनमेंट की संस्थापक-निदेशक अपर्णा बाजपेई ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए अतिथि आकाशवाणी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रेशमा खान, इंटरनेशनल एंकर ज्योति जोशी, समाजसेवी स्नेहलता भारद्वाज, मिसेज इंडिया इंटरनेशनल दीप्ति चौधरी सैनी, तराना ग्रुप के देवेंद्र शर्मा और पंख जाग्रति की कविता सक्सेना द्वारा माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया । इसके बाद वीर शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान किया गया । भारी बारिश के बाद भी रात 9 बजे तक लोग कार्यक्रम में डटे रहे । एक महिला श्रोता ने बताया कि बारिश की वजह से ऐसे शानदार कार्यक्रम को मिस करती तो मुझे हमेशा नहीं आने का मलाल रहता । अपर्णा जी की मेहनत बेकार नहीं गयी । संगीत संध्या में वीरांगनाओं का सम्मान काबिले तारीफ़ रहा । देश भक्ति संगीत संगीत संध्या में संगीता शर्मा, दीपशिखा जैन, संध्या असवाल, नूतन चौहान, धर्मेंद्र छाबरा, गौरव जैन, रेखा शर्मा, दिलबर हुसैन, गुलजार हुसैन, संजय रायजादा, हिरेंद्र कुमार भट्ट, लक्ष्मण वाधवानी, संजय शर्मा, मोहम्मद सिद्धिकी आजाद, पूनम शर्मा, सूबे सिंह, संदीप कुमार, पियूष कुमार, जितेंद्र भारद्वाज जैसे मधुर गायकों ने अपनी आवाज़ के जादू से सभी दर्शकों बांधे रखा । मंच सञ्चालन प्रसिद्ध एंकर प्रीति सक्सेना ने किया ।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**अंबेडकर विकास समिति चौमूं**

जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद

दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान



मोहन लाल बुनकर — अध्यक्ष
रामजी लाल वर्मा — मंत्री
शंकर लाल वर्मा — सहा. मंत्री

## राजस्थान खादी संघ में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के खादी बाग स्थित राजस्थान खादी संघ में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । संघ के अध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने झंडारोहण किया।

ललित कुमार सैनी ने सभी देशवासियों से खादी के वस्त्र खरीदने की अपील की और कहा कि आप खादी खरीद कर देश के निर्माण में योगदान दे सकते हैं । इस दौरान संचालक मंडल के वरिष्ठ सदस्य नानगराम लांबा, मनोहर लाल मीणा, संघ के अकाउंटेंट सियाराम शर्मा, रामलाल जाट,महादेव गुलिया, गिरधारी लाल संत, प्रकाश सैनी, महेश चंद्र व्यास ,महेश कुमार शर्मा, विष्णु शर्मा, मदन कुमावत, अर्जुन लाल जाट ,सुरेश कुमार शर्मा ,श्रवण मीणा कत्तिन और बुनकर आदि लोग मौजूद रहे ।



# पंडित रविंद्रचार्य को सटीक भविष्यवाणियां करने पर मिला सम्मान



**गाजियाबाद (हमारा वतन)।** गाजियाबाद स्थित आईटीएस कॉलेज में केशव फाउंडेशन द्वारा कारगिल युद्ध दिवस के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रचार्य को ज्योतिष के क्षेत्र में सटीक भविष्यवाणियां करने पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने कर कमलों से सम्मानित किया । आयोजक लोकेश वर्मा ने बताया कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों के परिवारों को एक ही मंच पर बुलाकर सम्मानित किया । कंधार विमान अपहरण घटना के हीरो रहे इंडियन एयरलाइंस के पूर्व मेंटेनेंस इंजिनर राकेश शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया । मेजर मोहित शर्मा अशोक चक्र अवॉर्ड प्राप्त के परिवार एवं कारगिल फाइटर अखिलेश सक्सेना को विशेष सम्मान दिया गया । इस आयोजन में कारगिल युद्ध में लड़े जवानों के अलावा फैशन, फिल्म,मीडिया,खेल,कला, मनोरंजन ,सामाजिक , ज्योतिष क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने के लिए और राजनीतिक फील्ड से जुड़ी हस्तियों को यूथ आइकन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया ।

सम्मान समारोह में पदमश्री जितेंद्र सिंह शंटी, राजेश कुमार डिप्टी जेलर तिहाड़ जेल, भारत केसरी डिप्टी डीएसपी जगदीश काली, रमन सुल्तान मूवी फेम, एक्टर सार्थक चौधरी,कारगिल फाइटर अखिलेश सक्सेना, फिल्म डायरेक्टर राकेश सावंत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal

मोनिका प्रिन्टर्स

WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ

फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर/पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई-कार्ड

हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें

Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

हमारे बिक्री भण्डार
❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

उत्पादन केन्द्र
● खादी आश्रम कोटा ● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल ● खादी आश्रम अटरू

**विशेषताः** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष
कमल किशोर शर्मा - मंत्री
प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक


## (कविता)
## किनारा

ये जीवन तुम्हें सौंपकर
फिक्र से मैं मुक्त हूँ कान्हा

देखता तू सब है और
लगा रहता है जीवन में
तेरा यूं आना जाना।

कठिन परीक्षाएं लेता है,
फिर भी संभाल ही लेता है
हर पल साथ जो रहता है।

चोट मुझे लगे दर्द तुझे होता है
ऐसा आभास हर वक्त होता है।

सब तुझपे छोड़, शोर में भी
मैं खामोश सी रहती हूँ
तेरे अलावा कुछ न किसी को कहती हूँ

तेरा आशीर्वाद सहनशील बनाता है।
कठिन शब्दों को घोलकर पिलाता है।
और तू खुश होकर प्रेम बरसाता है।

अच्छा हुआ तू मिल गया
फंस गई थी नाव मेरी
पर अब जैसे किनारा मिल गया।

- पूजा गाडियां लोहार


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

खादी भारत Khadi India

खादी ग्रामोद्योग भण्डार

(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)



- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216


## जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)।** ग्राम कुंभपुरिया में जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान के प्रधान कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस कतिन बुनकरों के साथ मनाया गया । मंत्री पूरणमल बुनकर ने झंडारोहण किया । सभी को मिठाई वितरित की गयी ।

संस्था के मंत्री पूरणमल ने अनेक खादी ग्रामोद्योग की योजनाओं की जानकारी देते हुए संस्थान में उपस्थित सभी कार्यों को ग्रामीणो से तालमेल बिठाके कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान बुनाई मास्टर बंसी बुनकर, उत्पादन इकाई कुंभ पुरिया की व्यवस्थापक हीरा देवी, कोषाध्यक्ष गोकुल जाट, अंकित बुनकर, बाबूलाल बुनकर, गोपाल बुनकर, अरविंद ,प्रेम देवी, ममता कंवर, मुस्कान, माया सैनी, कमला कुमावत , सुरज्ञान, देशराज, शंकर सहित कई लोग मौजूद रहे ।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

# क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित

## भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री


(कविता)

## आजादी

आजादी की खातिर पुरखों ने अपना रक्त बहाया था
तब नेहरू ने लाल किले पर ये झण्डा फहराया था
बंदूकों की गोली खायी, घास फूस की रोटी खायी
भगत सिंह से शेरों ने गोरों को हड़काया था
तब नेहरू ने लाल किले पर ये झण्डा फहराया था

कितने हुए शहीद देश पर कितने मिटे इस माटी पर
कितनी चिता जली थी यारों हल्दी वाली घाटी पर
बिना ढाल के गांधी ने अंग्रेजों को चौंकाया था
तब नेहरू ने लाल किले पर ये झण्डा फहराया था

तात्या टोपे, लक्ष्मी बाई, राणा ने बलिदान दिया
सुखदेव, राजगुरु से वीरों ने मरना मंजूर किया
कितने धरा के वीरों ने फांसी को गले लगाया था
तब नेहरू ने लाल किले पर ये झण्डा फहराया था

- विनोद शर्मा वेणु, नेछवा, सीकर




Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

संस्था के केन्द्र
- उत्पादन केंद्र : 4
- बिक्री भण्डार : 6
- कार्डिंग प्लांट : 1
- होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

## खादी मंदिर

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

## राजस्थान खादी विकास मण्डल

गोविंदगढ़ - मलिकपुर, जिला - जयपुर (राजस्थान)
पिन-303712, संपर्क -7597928160

खादी आर्थिक आज़ादी की प्रतीक है, खादी वर्गभेद को मिटाती है

खादी व ग्रामोद्योग अपनाइए, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

**संस्था के बिक्री केन्द्र**

खादी भण्डार, बापू बाजार- उदयपुर, खादी भण्डार, एम. आई. रोड-जयपुर, खादी भण्डार- सीकर, खादी भंडार- रेनवाल, खादी भण्डार - नवलगढ़, खादी आश्रम - सांभर लेक, खादी आश्रम - दांतारामगढ़, खादी आश्रम -बांसा और खादी आश्रम -गोविंदगढ़।

**संस्था के मुख्य उत्पाद** - सूती खादी, दरी कामदार, ऊनी खादी - जेंट्स शॉल, लेडीज़ शॉल, ट्वीड व रेडीमेड।
पोलिवस्त्र - टीटी, शर्टिंग गाढ़ा ।
अखाद्य तेल से निर्मित कपड़े धुलाई का साबुन और सभी प्रकार का स्टील फर्नीचर।

कृपया हमारे उपरोक्त भंडारों से खादी व ग्रामोद्योग खरीद कर अनुग्रहित करें।

निवेदक - समस्त संस्था परिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

## जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान

सरकारी स्कूल के पीछे,बुनकर बस्ती,कंवरपुरा कुम्भपुरिया, तहसील-चौमूं, जिला-जयपुर (राज.) -303804, संपर्क -9799659939

**बिक्री केंद्र**

कुम्भपुरिया,चौमूं, जयपुर (राज.), शिकारगढ़ ,जोधपुर (राज.),

**प्रमुख उत्पाद** - सूती खादी, ऊनी, रेशमी, पोलिवस्त्र एवं ग्रामोद्योग उत्पाद ।

हर हिन्दुस्तानी का एक ही नारा
खादी वस्त्र के साथ विचार हमारा !

संरक्षक - ओमकार मल गहलोत

अध्यक्ष - गंगाराम वर्मा
मंत्री - पूरणमल बुनकर
उपाध्यक्ष - सुरेश कुमार
व्यवस्थापक - हीरा देवी




 टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## आखिर कैसी देश की आजादी के पक्षधर हैं हम?


राम गोपाल सैनी

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा राष्ट्र रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। 15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का दिन क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में एक अलग ही जज्बा और उत्साह समाहित रहता है। हालांकि वर्षों की गुलामी के बाद गुलामी की इन जंजीरों से मिली आजादी को हम किस रूप में संजोकर रख पा रहे हैं, वह सभी के समक्ष है। देश को आजाद हुए पूरे 77 बरस हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 77 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात साल दर साल किस कदर बदले हैं, वह भी किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि अभद्रता की हर हद पार करते नजर आते हैं। प्रतिवर्ष जब देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ राष्ट्र की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत से ऐसे जनप्रतिनिधियों को भी देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है?

# यज्ञाचार्य हरिओम महाराज को मिला यूथ आइकॉन अवार्ड-2024

**गाजियाबाद (हमारा वतन)।** गाजियाबाद स्थित आईटीएस कॉलेज में केशव फाउंडेशन द्वारा कारगिल युद्ध दिवस के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में जयपुर निवासी यज्ञाचार्य हरिओम महाराज को ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने कर कमलों से यूथ आइकॉन अवार्ड-2024 से सम्मानित किया ।आयोजक लोकेश वर्मा ने बताया कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों के परिवारों को एक ही मंच पर बुलाकर सम्मानित किया । कंधार विमान अपहरण घटना के हीरो रहे इंडियन एयरलाइंस के पूर्व मेंटेनेंस इंजिनर राकेश शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया । मेजर मोहित शर्मा अशोक चक्र अवॉर्ड प्राप्त के परिवार एवं कारगिल फाइटर अखिलेश सक्सेना को विशेष सम्मान दिया गया । इस आयोजन में कारगिल युद्ध में लड़े जवानों के अलावा फैशन, फिल्म,मीडिया,खेल,कला, मनोरंजन ,सामाजिक , ज्योतिष क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने के लिए और राजनीतिक फील्ड



से जुड़ी हस्तियों को यूथ आइकन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया ।

सम्मान समारोह में पदमश्री जितेंद्र सिंह शंटी, राजेश कुमार डिप्टी जेलर तिहाड़ जेल, भारत केसरी डिप्टी डीएसपी जगदीश काली, रमन सुल्तान मूवी फेम, एक्टर सार्थक चौधरी,कारगिल फाइटर अखिलेश सक्सेना, फिल्म डायरेक्टर राकेश सावंत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❇ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❇ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❇ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❇ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❇ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❇ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❇ खादी निकेतन, बागीदौरा
❇ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष | स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता | इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री

## उपहार नहीं भावनाएं हैं बेशकीमती

तब-छोटी सी थाली में रेशमी धागे से बनी राखी, रोली, अक्षत और दो-चार मिठाइयां रखी जातीं। बहन भाई के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधती और मिठाई खिलाकर भाई की आरती उतारती। बदले में भाई अपनी जेब से कुछ पैसे निकालकर राखी की थाली में रख देता, बस मन जाता था त्योहार।अब-डिजाइनर राखियों से सजी रेडीमेड थालियां बाजारों में बिक रही हैं। आज के भाई कैलरी कॉन्शियस हैं और वे मिठाइयां खाना पसंद नहीं करते। इसके लिए भी बाजार ने पूरा इंतजाम कर रखा है। इंपोर्टेड चॉकलेट्स और कुकीज, बिस्किट, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स, शुगर फ्री मिठाइयां और नमकीन..और न जाने कितनी ही तरह की चीजों से दुकानें भरी पडी हैं। ये तो वैसी चीजें हैं, जो बहनों द्वारा भाई को दी जाती हैं। इसके अलावा भाइयों को भी अपनी बहन के लिए गिफ्ट खरीदना होता है। इसके लिए ब्रैंडड आउटफिट्स, ज्यूलरी (असली और ऑर्टिफियिशल), शो पीसेज, क्रॉकरी सेट और घरेलू उपकरण जैसी ढेर सारी चीजें मौजूद हैं। इसके अलावा आजकल गिफ्ट वाउचर के रूप में भी उपहार देने का भी चलन बढ रहा है। **खो रही है सादगी** जीवन के साथ हमारे त्योहारों की भी सरलता खत्म हो रही है। हमें इसका अंदाजा भी नहीं हुआ कि बाजार हमारी जिंदगी पर किस तरह हावी हो चुका है। एक-दूसरे को गिफ्ट देने में कोई बुराई नहीं, लेकिन जब वह व्यक्ति के स्टेटस के साथ जुड जाता है तो भाई-बहन का सहज रिश्ता भी बेहद औपचारिक बन जाता है। इस संबंध में मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अशुम गुप्ता कहती हैं, बचपन में भाई-बहन का रिश्ता बेहद सहज और आत्मीय होता है, लेकिन शादी के बाद उनकी जिंदगी का एक नया अध्याय शुरू हो जाता है। उनके रिश्ते में पहले जैसी आजादी नहीं रह जाती। अब दोनों को एक-दूसरे के लाइफ पार्टनर की भावनाओं का भी खयाल रखना पडता है। अगर बहन अविवाहित है तो भाई उसे अपनी हैसियत और सुविधा के मुताबिक उपहार में कुछ भी दे देता है, पर बहन की शादी के बाद उसके लिए गिफ्ट खरीदते समय भाई को दस बार सोचना पडता है कि बहन के पति या ससुराल वालों को यह उपहार कहीं सस्ता तो नहीं लगेगा?

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❐ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्ड़ार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।
❐ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष
गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष
महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❐ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी ❐ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा